तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज अपील जीसीएमएस नम्बर 2025/75 नाथूलाल बनाम मोहनलाल व अन्य	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
10.06.2025	पत्रावली पेश हुई। वकील अपीलार्थी उपस्थित। अधिवक्ता अपीलान्ट की बहस एडमिशन पर सुनी गई। अधिवक्ता अपीलान्ट की बहस पर मनन किया गया। पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि अपीलान्ट द्वारा राजस्व टीम व भू-प्रबन्ध टीम की संयुक्त टीम द्वारा पारित सीमाज्ञान आदेश दिनांक 09.02.2024 बाबत खसरा नम्बर 2684 राजस्व ग्राम लालसोट, तहसील लालसोट जिला दौसा के विरूद्ध प्रस्तुत की गयी है जबकि राजस्व टीम व भू-प्रबन्ध टीम की संयुक्त टीम द्वारा पारित सीमाज्ञान आदेश दिनांक 09.02.2024 की मौका रिपोर्ट अनुसार खसरा नम्बर 2683 राजस्व ग्राम लालसोट, तहसील लालसोट जिला दौसा का किया गया है। सीमाज्ञान की अपील का श्रवणाधिकार एवं क्षैत्राधिकार न्यायालय हाजा को प्रदत नही है। ऐसी स्थिति में अपील पर अग्रिम कार्यवाही न्यायालय हाजा के स्तर पर संभव नही है। अतः उपरोक्त तथ्यों के परिपेक्ष्य में हस्तगत अपील पर अग्रिम कार्यवाही न्यायालय हाजा के स्तर पर संभव नही होने से परिणामतः अपील अपीलान्ट खारिज की जाती है। यदि अपीलार्थी को कोई आपत्ति है तो वे सक्षम न्यायालय में चाराजोही करने के लिये स्वतंत्र है। इस न्यायालय की पत्रावली फैसल शुमार होकर पूर्ति लेख भण्डार हो। (दीप्ति कछवाहा) अति. संभागीय आयुक्त, जयपुर अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जयपुर	